कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण

अजीत अमर हरिजन बि०शि०सेवा
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
माध्यमिक शिक्षा ,सारण

बिहार सरकार

माध्यमिक शिक्षा शाखा ,
Email Id – aaysaran@gmail.com

पत्रांक 878 दिनांक 10-10-23

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
माध्यमिक शिक्षा, सारण (छपरा)

सेवा में,

जिले के सभी राजकीय, राजकीयकृत, प्रोजेक्ट, प्राईवेट, मध्य, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य, छपरा, सारण।

विषयः- 31वीं जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2023 में भाग लेने के संबध में।

प्रसंगः- निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार, पटना के ज्ञापांक SCERT/SCI-157/2015/PART-III/1050, दिनांक 25-05-2023, निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक BCST-PSC-04/2019-359 दिनांक 20-05-2023, अध्यक्ष, सायंस फॉर सोसायटी, बिहार के पत्रांक ncsc/state/122/2023 दिनांक 20/09/2023 |

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्र के आलोक में 31वीं जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023, जिसका "मुख्य विषयः- स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना" है का आयोजन करने का निदेश प्राप्त हुआ है। जिसका आयोजन **दिनांक 14-10-2023 को 10 बजे पूर्वाह्न से सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, चाँदमारी रोड,** छपरा में सुनिश्चित किया गया है। अतः निदेश दिया जाता है कि आप अपने विद्यालय से परियोजनाओं के साथ बाल वैज्ञानिकों की भागीदारी सुनिश्चित कर उपर्युक्त कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।

31वीं जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 की मुख्य बातें निम्नांकित हैं -

- जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में, विद्यालय में पढ़ने वाले या विद्यालय से बाहर के कोई भी बाल वैज्ञानिक भाग ले सकते है, जिनकी उम्र 31 दिसम्बर 2023 को 10 से 17 वर्ष के बीच हो।
- **जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में विद्यालय के केवल परियोजना के केवल समूह नेता (Group Leader) एवं एक मार्गदर्शक शिक्षक ही भाग लेंगे।**
- जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस हेतु शिक्षक अपने मार्गदर्शन में विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा परियोजना तैयार करायेंगे। इसके लिए विद्यालय कोष से 500/- रूपये तक की राशि खर्च की जा सकती है।
- विद्यालय स्तर पर तैयार परियोजना को उपर्युक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस -2023 में शामिल किया जाएगा | जिला स्तर पर परियोजना पंजीयन शुल्क 100/- रूपये मात्र की दर से नगद रूप में जमा करनी होगी। इस राशि का व्यय जिला स्तर पर गठित आयोजन समिति द्वारा आवश्यक कार्य में किया जाएगा।
- वेबसाइट www.sfsbihar.com पर सभी प्रतिभागी बाल वैज्ञानिक अपने परियोजना का ऑनलाइन निबंधन जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजन से पूर्व अवश्य करा लें।
- जिला स्तर पर पंजीयन के समय एक प्रति पंजीयन प्रपत्र (Form-A) के अतिरिक्त, दो प्रति सारांश (एक प्रति हिन्दी में + एक प्रति अंग्रेजी में) परियोजना रिपोर्ट, रोजनामचा (Log Book) एवं सर्वेबुक (परियोजना सर्वे पर आधारित होने पर) जमा करना होगा। अतःयह सब कागजात दो प्रतियों में लेकर आयेगें।
- राज्य स्तर के लिये चयनित प्रतिभागी को पंजीयन के समय राज्य में पंजीयन प्रपत्र (Form-A) के अतिरिक्त, दो प्रति सारांश (एक प्रति हिन्दी में + एक प्रति अंग्रेजी में) परियोजना रिपोर्ट, रोजनामचा (Log Book) एवं सर्वेबुक (परियोजना सर्वे आधारित होने पर) तीन प्रति पासपोर्ट साईज फोटो एवं जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करनी होगी। **साथ ही परियोजना के दूसरे सदस्य एवं मार्गदर्शक शिक्षक का भी एक-एक फोटो पंजीयन प्रपत्र पर चिपकाना होगा।**
- राज्य एवं जिला स्तर पर बाल विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा शिक्षकों के यात्रा भत्ता का भुगतान विद्यालय कोष से होगा।

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण

अजीत अमर हरिजन बि०शि०सेवा
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
माध्यमिक शिक्षा ,सारण

बिहार सरकार

माध्यमिक शिक्षा शाखा ,
Email Id – aaysaran@gmail.com

- परियोजना का मूल्यांकन दो चरणों में (100 अंक + 100 अंक = 200 अंक) किया जायेगा-
  o परियोजना के लिखित रिपोर्ट का मूल्यांकन (100 अंक)
  o परियोजना के मौखिक प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन (100 अंक)
- परियोजना प्रस्तुतीकरण हेतु बाल वैज्ञानिक अधिकतम 4 पोस्टर 70x50 से०मी० का उपयोग कर सकते है।
- परियोजना प्रस्तुतीकरण के लिए अधिकतम 8 मिनट का समय निर्धारित होता है।
- जिला स्तर पर चयनित बाल वैज्ञानिकों के राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जिला समन्वयक श्री मनोज कुमार सिंह (विश्वेश्वर सेमिनरी छपरा) को प्राधिकृत किया जाता है।
- 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 का राज्य स्तरीय आयोजन **दिनांक 07-09 नवम्बर 2023 तक बी० एन० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के नॉर्थ कैंपस** में किया जायेगा।
- राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभागियों एवं शिक्षकों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था राज्य आयोजन समिति करेगी तथा यात्रा व्यय का भुगतान विद्यालय कोष से किया जायेगा।
- राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में जिला समन्वयक अपनी उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित करेंगे।
- जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के संचालन की संपूर्ण जवाबदेही जिला आयोजन समिति की होगी।

विश्वासभाजन

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
माध्यमिक शिक्षा, सारण
10/10/2023